रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10022020-216031
CG-DL-E-10022020-216031

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 30] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 31, 2020/माघ 11, 1941
No. 30] NEW DELHI, FRIDAY, JANUARY 31, 2020/MAGHA 11, 1941

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 2020

फा. सं 17/4/2018-ईपी (एग्री.IV).—केन्द्रीय सरकार ने 'कृषि निर्यात नीति का कार्यान्वयन' करने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम के लिए दिशा–निर्देश अनुमोदित किए हैं।

1. प्रस्तावना

1.3 बिलियन उपभोक्ताओं के साथ बढ़ती निवल प्रयोज्य आय, बदलती खाद्य प्रवृतियों, बड़े कृषि क्षेत्र, विविधतापूर्ण कृषि और बड़ी जनसंख्या के कृषि पर निर्भरता ने भारत को एक बड़े उपभोक्ता बाजार और खाद्य उत्पादों के एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में विश्व के केंद्र पर ला दिया है। अक्सर यह सुझाव दिया जाता है कि 'मेक इन इंडिया' का एक अनिवार्य घटक 'बेक इन इंडिया' होना चाहिए अर्थात मूल्य वर्धन और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर पूर्ण ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बदलती सामाजिक –आर्थिक, कृषि जलवायु, खान-पान पद्धतियों के साथ तेजी से बढ़ती वैश्विक जनसंख्या और सिकुड़ती कृषि जमीन ने वैज्ञानिकों और निर्माताओं के सामने यह चुनौती खड़ी कर दी कि हम किस प्रकार उगाएं और किस प्रकार विश्व के 7.5 बिलियन नागरिकों के लिए भोजन की व्यवस्था करें। भारत का पूरा ध्यान सतत रूप से उगाने, प्रचुर मात्रा में व्यापार करने और सद्भावना पूर्वक ढंग से प्रगति करने पर है। कृषि निर्यात यदि उचित रूप से अवसंरचना, सांस्थानिक

बैकअप, पैकेजिंग, मालढुलाई परिवहन और बाजार पहुंच के सहयोग वाले आंतरिक उत्पादन प्रणाली से जुड़ा हो तो यह कृष्य अर्थव्यवस्था में परिवर्तन करने की स्थिति में होगा।

कृषि निर्यात नीति (एईपी) कृषि निर्यात केन्द्रित उत्पादन, निर्यात संवर्धन, किसानों को बेहतर प्रापण और भारत सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को समकालिक बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए तैयार की गई हैं।

2. एईपी का उद्देश्य एवं विजन

उद्देश्य

- कृषि निर्यातों को वर्तमान के 30+बिलियन अम.डा. से 2022 तक 60+ बिलियन अम.डा. तक दुगुना करना और इसके पश्चात एक स्थायी व्यापार नीति व्यवस्था से अगले कुछ वर्षों में इसे 100 बिलियन अम.डा. तक पहुंचाना।
- हमारी निर्यात बास्केट में विविधता लाना शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही उच्च मूल्य वर्धित कृषि निर्यातों को बढ़ावा देना।
- नई, स्वदेशी, जैविक, नृजातीय पारम्परिक एवं गैर. परम्परागत श्रेणियों का संवर्धन करना ।
- बाजार पहुंच अवरोधों से निपटने और स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपायों के समाधान के लिए सांस्थानिक तंत्र उपलब्ध कराना।
- वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ समेकन करके विश्व कृषि निर्यात में भारतीय हिस्से को दुगना करने का प्रयास करना ।
- विदेशी बाजारों में निर्यात अवसरों का लाभ उठाने में किसानों को सक्षम बनाना।

विजन

कृषि में भारत को विश्व में अग्रणी बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए उपयुक्त नीतिगत पद्धतियों के जरिए भारतीय कृषि की निर्यात क्षमता को बढ़ाना ।

3. स्कोप

स्कीम का उद्देश्य निम्नलिखित घटकों के जरिए कृषि निर्यात नीति, 2018 के विभिन्न घटकों को कार्यान्वित करना है:

(i) राज्य एजेंसियों को सहायता:

एईपी के पैरा 5.4 क में यह व्यक्त किया गया है कि कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक राज्य विभाग/संगठन को नोडल एजेंसी के रूप में अभिज्ञात किया जाएगा। इस तरह की नोडल एजेंसी का कार्य हितधारकों के साथ संलिप्त रहना, बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक बाधाओं की पहचान करना, निर्यातकों द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों का समाधान करने के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ संपर्क करना, विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों और एजेंसियों द्वारा संचालित स्कीमों को अभिज्ञात करना और राज्य सरकारों के लिए आवंटन को अधिकतम करना, विदेश से खरीददारों की जानकारी प्राप्त करके राज्य स्तर पर रिवर्स क्रेता – विक्रेता बैठकों का आयोजन करना, राज्य स्तर के निर्यातकों को प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय मेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना, आदि हैं ।

वाणिज्य विभाग एग्री व्यवसाय, एग्री निर्यात और विदेशी व्यापार में पर्याप्त अनुभव रखने वाले दो परामर्शदाताओं की प्रत्येक राज्य में नियुक्ति के माध्यम से राज्य स्तर पर इस तरह की नोडल एजेंसी की क्षमता निर्माण, सहायता करने और उनके संचालन में एक सक्रिय भूमिका निभाएगा । राज्यों में अधिकारियों के क्षमता निर्माण के लिए सहायता (प्रत्येक राज्य में 10) भी प्रस्तावित है ।

(ii) संस्थागत तंत्र के लिए सहायता:

एईपी के पैरा 5.4 घ में निर्यात की सहायता करने के लिए केंद्रीय स्तर, राज्य स्तर और क्लस्टर स्तर पर संस्थागत तंत्र की स्थापना का प्रावधान किया गया है। सभी संबंधित विभागों, संगठनों और राज्य सरकारों द्वारा दिये गए आदेशों का पालन

करने के लिए वाणिज्य विभाग में एक मॉनिटरिंग सेल की स्थापना की जाएगी। स्कीम के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदनों की जांच और निगरानी के लिए एक परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) कार्य करेगी ।

पहचान किए गए क्लस्टरों के लिए सीईओ और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए सहायता प्रदान की जाएगी । कार्यालय, एफपीओ आदि की स्थापना हेतु क्लस्टर के लिए आरम्भिक अनुदान भी प्रदान किया जाएगा । राज्य सरकार निर्यात की बडी संभावना वाले उत्पाद विशिष्ट क्लस्टरों की सहायता करेगी और इन क्लस्टरों से निर्यात बढ़ाने के लिए सबंद्ध एंजेसियों के साथ कार्य करेंगी।

(iii) **क्लस्टरों के लिए सहायता:**

एईपी का पैरा 6.1 निर्यात-केंद्रित क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण पर जोर देता है जो उत्पादन के अधिक केंद्रित कटाई पूर्व और कटाई के बाद के प्रबंधन एवं उन क्लस्टरों से निर्यात के उच्च स्तर को प्राप्त करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को अपग्रेड करने पर आधारित है । आरंभ में 46 क्लस्टरों (अनुबंध-I) को अभिज्ञात किया गया है। निम्नलिखित अभिज्ञात क्लस्टरों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी : -

क. क्लस्टरों में फसल कटाई के बाद का बुनियादी ढांचा

ख. क्षमता निर्माण

ग. पीपीपी-आईएडी के लिए अनुदान

घ. प्रयोगशालाएं

ड. नई तकनीक/नई मशीनरी का समावेश

च. जीएपी कार्यान्वयन

क्लस्टरों में समेकित फसलोपरान्त प्रसंस्करण सुविधाओं, प्रयोगशालाओं इत्यादि वाले चिन्हित क्लस्टर क्षेत्र में इस स्कीम के तहत सहायता उपलब्ध कराने के जरिए निर्यात केंद्रित अवसंरचना विकसित करने और एमओएफपीआई (पीएमके एसएएमपींडीए)/डीओसी(टीआईईएस)/डीएसी एंड एफडब्ल्यू (एमआईडीएच)/ डीएएचडीएफ (आईडीएमएफ) इत्यादि की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकाल, पैकेजिंग स्वच्छता और पादप स्वच्छता मुद्दों का अनुपालन करते हुए निर्यात केन्द्रित कृषि उत्पादन और प्रस्संकरण और इसे विपणन चैनल के अगले लेवल से जोड़ने और नेटवर्किंग पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

(iv) **उत्पाद विकास और मूल्यवर्धन के लिए सहायता:**

एईपी का पैरा 6.2क स्वदेशी वस्तुओं के लिए उत्पाद विकास और मूल्य-संवर्धन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। नए उत्पाद विकास,पैकेजिंग में सुधार, सामग्री के भण्डार एवं उपयोग होने तक की अवधि में वृद्धि और उत्पादन क्षमता में सुधार/उत्पादन लागत में कमी पर अनुसंधान के लिए सहायता प्रदान की जाएगी ।

(v) **विपणन के लिए सहायता:**

एईपी के पैरा 6.2 ख मूल्य वर्धित जैविक निर्यात को बढ़ावा देने के उपायों का प्रस्ताव करता है। इसी तरह, पैरा 6.3 'भारत के उत्पाद' के विपणन और संवर्धन के लिए उपाय सुझाता है। इस घटक के अंतर्गत शैल्फ स्पेस, उत्पाद पंजीकरण, विशिष्ट जैविक, मूल्य वर्धित, पारम्परिक, जी आई, क्षेत्र विशिष्ट एवं ब्रांडेड उत्पादों के लिए विपणन प्रचार (प्रिंट/इलैक्ट्रांनिक), लक्षित देशों में रोड़ शो /बीएसएम तथा लक्षित देशों में उत्पाद प्रतिदर्श के लिए सहायता प्रदान की जाएगी ।

किसानों की सहकारी समितियों, उत्पादक समितियों आदि को सीधे निर्यात संपर्क प्रदान करने के लिए ई-कॉमर्स मंच उपलब्ध कराने के लिए एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा । पोर्टल के विकास, संचालन और रख-रखाव और हितधारकों के क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी ।

(vi) **अनुसंधान और विकास के लिए सहायता:** एईपी का पैरा 6.7 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक अनुसंधान और विकास गतिविधियों पर जोर देता है । दुनिया भर में प्रजनकों से निर्यात योग्य फ़ोकस फसलों के जर्मप्लाज्म और अभिज्ञात बीज किस्मों के आयात के लिए मैचिंग फंड के रूप में सहायता प्रदान की जाएगी । सहायता का उपयोग रॉयल्टी भुगतान, क्षेत्र परीक्षण, गुणन केंद्र, क्षमता निर्माण आदि के लिए किया जा सकता है।

4. पात्र संगठन

वैयक्तिकों,किसानों/उत्पादकों/उपभोक्ता समूहों, भागीदार/मालिकाना फर्मों,स्वयं-सहायता समूह (एसएचजी), निर्यातकों, किसान उत्पादक संस्थाओं (एफपीओएस), कंपनियों, निगमों, सहकारिताओं सहकारी विपणन परिसंघों, स्थानीय निकायों, कृषि उत्पाद बाजार समितियों (एपीएमसी) एवं विपणन बोर्ड, राज्य सरकार की एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और राज्य सरकारों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

भारत सरकार ने इस स्कीम का लाभ एससी एवं एसटी को देने के लिए निधियां नियत करने का निर्णय लिया है। आधारभूत पात्र मानदंड को पूरा करने के आधार पर अजा/अजजा लाभार्थियों को प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्धारित निधि आंबटन की सीमा में स्कीम के तहत परियोजनाओं की संस्तुति को प्राथमिकता दी जाएगी। अजा/अजजा. संरक्षक (कों) को, जैसा भी मामला हो, कंपनी में बड़ा शेयर दिया जाएगा। ऐसी कंपनी के गठन /संघटन में कोई भी बदलाव अधिकार प्रदत्त समिति की पूर्व अनुमति से किया जाएगा।

5. सहायता का स्वरूप (विभिन्न उपघटकों के तहत उपलब्ध सहायता का ब्यौरा अनुलग्नक 2 में उपलब्ध कराया गया है।)

5.1 राज्य एजेंसियों को सहायता

क. परामर्शदाताओं की नियुक्ति-राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों को राज्य सरकार के किसी विभाग अथवा एजेंसी को अभिज्ञात करने का अनुरोध किया गया है जिसे कृषि निर्यातों के लिए नोडल निकाय के रूप में घोषित किया जा सके। नोडल् एजेंसी की उपयुक्त कार्यप्रणाली में सहायता देने के उद्देश्य से इस घटक के तहत दो परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। शुरूआत में उन राज्यों में परामर्शदाता नियुक्त किए जा सकते है जिन्होंने क्लस्टर विकास कार्यकलाप शुरू किए हैं।

परामर्शदाता के लिए कृषि व्यापार,कृषि निर्यात और विदेश व्यापार में न्यूनतम 15 वर्षों का अनुभव अपेक्षित है। कृषि व्यापार या भारतीय विदेश व्यापार संस्थान से एमबीए आधारभूत योग्यता है। वाणिज्य विभाग के परमर्श से राज्य नोडल एजेंसी द्वारा स्कीम के कार्यान्वयन के लिए परामर्शदाता नियुक्त किए जाएंगे। नियुक्ति की विस्तृत शर्तें और परामर्शदाताओं द्वारा दिए जाने वाले आऊटकम राज्य नोडल एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

नोट: नियुक्त किए जाने वाले परामर्शदाताओं की सेवा/पारिश्रमिक संबंधी मुद्दों पर उठे किसी विवाद में वाणिज्य विभाग पक्षकार नहीं होगा और करार संबंधित राज्य नोडल एजेंसी और परामर्शदाताओं के मध्य होगा।

ख. संभारतंत्र एवं स्थापना –राज्य नोडल एजेंसी की स्थापना में हुए संभारतंत्र और स्थापना व्यय के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। केवल कार्यालय सेट अप के लिए आवश्यक विशिष्ट मदों के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उप –घटक के तहत विशिष्ट व्यय के लिए अग्रिम अनुमोदन अधिकार प्रदत्त समिति से लेना आवश्यक है।

ग. अधिकारियों का क्षमता – निर्माण- प्रत्येक राज्य के लगभग दस अधिकारियों को निर्यात संवर्धन निर्यात संवर्धन निकायों और निर्यात संवर्धन परिषदों के क्रियाकलापों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस उप–घटक के अंतर्गत प्रख्यात संस्थानों जैसे आईआईएफटी, सीडब्ल्यूटीओएस आदि में क्षमता निर्माण पर हुए खर्च के लिए सहायता दी जाएगी।

5.2 सांस्थानिक तंत्र हेतु सहायता

(क) निगरानी प्रकोष्ठ के लिए इटर्न को नियुक्त करना- एईपी स्कीम के निगरानी प्रकोष्ठ में लगभग 10 इंटर्न (आवश्यकता आधार पर) को नियुक्त किया जाएगा। ये इंटर्न परियोजना निगरानी इकाई का भाग होंगे। वाणिज्य विभाग

के परामर्श से एपीडा द्वारा इंटर्न नियुक्त किए जाएंगे। नियुक्ति की विस्तृत शर्तें एवं आऊटकम एपीडा द्वारा तैयार किए जाएंगे।

नोट: नियुक्त किए जाने वाले इंटर्न की सेवा/ परिश्रमिक से संबंधित मुद्दों पर हुए किसी विवाद का वाणिज्य विभाग पक्षकार नहीं बनेगा और करार केवल एपीडा और इंटर्न के बीच होगा।

(ख) परियोजना निगरानी इकाई को शामिल करना- एईपी स्कीम की निगरानी के लिए परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) अभिज्ञात की जाएगी। पीएमओ के चयन के लिए एपीडा द्वारा खुला टेंडर निकाला जाएगा। इस स्कीम की वास्तविक निगरानी के लिए क्षेत्र –वार,उत्पाद-वार प्रगति,क्षेत्र-वार डाटा को दर्ज करने के लिए उपयुक्त फिल्टर एवं डाटा कॉलम और आरंभ से अंत तक इस स्कीम के तहत उपलब्ध कराए गए मूल्य के ब्यौरे आदि के लिए एक मास्टर डाटाबेस पीएमयू द्वारा विकसित एवं उसका रखरखाव किया जाएगा।

(ग) स्थापना व्यय – एईपी के लिए निगरानी प्रकोष्ठ के स्थापना व्यय के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ऑफिस सेटअप के लिए आवश्यक केवल विशिष्ट मदें ही पात्र होगी। इस उपघटक के तहत विशिष्ट व्यय के लिए अधिकार प्रदत्त समिति से अग्रिम अनुमोदन लेना आवश्यक है।

(घ) क्लस्टरों के लिए सीईओ को नियुक्त करना- क्लस्टर में स्थापना /योजना/समन्वय कार्यकलापों में सहायता के उद्देश्य से प्रत्येक क्लस्टर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सीईओ कलस्टर के नोडल कलेक्टर को रिपोर्ट करेगा और क्लस्टर से विशिष्ट उत्पाद के निर्यात को प्रोत्साहित करने वाली निर्यात संवर्धन एजेंसी के सहयोग से काम करेगा। स्कीम के तहत सहायता के लिए पात्रता हेतु क्लस्टर में परियोजना की आंरभिक परिवीक्षा सीईओ द्वारा की जाएगी। सीईओ परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा। क्लस्टर आधारित पद्धति के प्रमुख उद्देश्यों में से एक किसान को एफपीओ में संगठित करना और निर्यात क्लस्टर लिए मूल्य श्रृंखला के साथ में किसानों एकत्रित करने और उन्हें निर्यातक बनने के लिए प्रोत्साहित करना है और सीईओ को इन प्रयासों में मुख्य भूमिका निभानी होगी।

सीईओ के लिए कृषि व्यापार, कृषि निर्यात और विदेश व्यापार में न्यूनतम 15 वर्षों का अनुभव अपेक्षित है। कृषि व्यापार या भारतीय विदेश व्यापार संस्थान से एमबीए आधारभूत योग्यता होगी। डेयरी एवं समुद्री उत्पाद क्लस्टर के लिए, डेयरी एवं मात्स्यिकी में क्रमश: स्नातकोत्तर पर विचार- किया जाएगा। वाणिज्य विभाग के परमर्श से राज्य नोडल एजेंसी द्वारा स्कीम के कार्यान्वयन के लिए सीईओ नियुक्त किए जाएंगे। नियुक्ति की विस्तृत शर्तें और सीईओ द्वारा दिए जाने वाले आऊटकम राज्य नोडल एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

नोट: नियुक्त किए जाने वाले सीईओ की सेवा/पारिश्रमिक संबंधी मुद्दों पर उठे किसी विवाद में वाणिज्य विभाग पक्षकार नहीं होगा और करार संबंधित राज्य नोडल एजेंसी और सीईओ के मध्य होगा।

(ड.) क्लस्टर के लिए स्टॉफ की नियुक्ति- क्लस्टर के सीईओ की सहायता के उद्देश्य से और क्लस्टर के विकास के लिए अधिकतम 2 व्यक्ति प्रति क्लस्टर को सीईओ के सपोर्ट स्टॉफ के रूप में राज्य नोडल एजेंसी द्वारा नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति की विस्तृत शर्तें और स्टॉफ द्वारा दिया जाने वाला आऊटकम राज्य नोडल एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा

नोट: नियुक्त किए जाने वाले स्टॉफ की सेवा/पारिश्रमिक संबंधी मुद्दों पर उठे किसी विवाद में वाणिज्य विभाग पक्षकार नहीं होगा और करार संबंधित राज्य नोडल एजेंसी और स्टॉफ के मध्य होगा।

(च) क्लस्टर ऑफिस, एफपीयू इत्यादि की स्थापना के लिए आंतरिक अनुदान – क्लस्टर कार्यालय, एफपीओ इत्यादि की स्थापना के लिए सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। ऑफिस सेट अप, एफपीओ आयोजित करने इत्यादि के लिए आवश्यक केवल विशिष्ट संदर्भ पात्र होंगी। उप –घटक के तहत विशिष्ट व्यय के लिए अग्रिम अनुमोदन अधिकार प्रदत्त समिति से लेना आवश्यक है।

5.3 क्लस्टरों के लिए सहायता

(क) क्लस्टरों में फसलोपरान्त अवसंरचना- इस उपघटक के तहत फसलोपरान्त प्रबंधन कार्याकलापों जैसे रखरखाव, ग्रेडिंग, प्री–कंडीशनिंग, पैकेजिंग अस्थायी भंडारण, परिवहन, वितरण, क्यूरिंग एवं पकने और दीर्घावधि भंडारण किया जा सकता है।

प्री कूलिंग इकाइयों की स्थापना, पैक हाऊस, मोबाइल प्री-कूलिंग इकाई,स्टेजिंग कोल्ड रूम, नियंत्रित अथवा बिना नियंत्रित वातावरण क्षमता वाली कोल्ड स्टोरेज इकाईयां, समेकित कोल्ड चेन प्रणाली, रेफ्रिजरेटिड वैन की आपूर्ति, रेफ्रिजरेटिड कंटेनर, प्राथमिक/मोबाइल प्रसंस्करण इकाईया, राईपनिंग चैम्बर, वाष्पात्मक/निम्न क्षमता वाले कूल चैम्बर, परिरक्षण इकाईयां, प्याज भंडारण इकाईया, जारी एनर्जी कूल चैम्बर, समेकित पैकहाऊस, पौध स्वास्थ्य उपचार इकाइंया जैसे यूएचटी,एचडीटी, चिकित्सा सुविधाएं, फ्यूमीगेशन चैम्बर इत्यादि, आईक्यूएफ सहित प्रसंस्करण अवसंरचना, ब्लांचिग/कुर्किंग लाईन, हाईटेक पैकेजिंग,हाईटेक सोर्टिंग/ग्रेडिंग हाई टेक कन्वेयर सिस्टम और ऐसी अन्य मदों, जो विशिष्ट रूप से उल्लिखित नहीं है लेकिन अधिकार प्रदत्त समिति द्वारा कृषि उत्पादों के फसलोपरान्त प्रबंधन के लिए अनिवार्य रूप से निर्धारित है, से संबंधित परियोजनाएं स्कीम के तहत सहायता की पात्र हैं । उप –घटक के लिए विशिष्ट आवश्यकताएं एवं शर्तें अनुलग्नक 3 में उल्लिखित है।

(ख) क्षमता निर्माण- इस उपघटक के तहत किसानों, एफपीओ, उद्यमियों, उत्पादन/ प्रसंस्करण/ निर्यात कार्यकलापों में वर्कफोर्स, निर्यातकों, अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। प्रतिभागियों को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कार्यक्रम क्लस्टर में या क्लस्टर के बाहर आयोजित किया जाएगा जो लिए जाने वाले प्रशिक्षण की प्रकृति पर निर्भर होगा । प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान केन्द्रित किया जाना है ताकि कृषकों की बड़ी संख्या को प्रशिक्षित किया जा सके। वर्क फोर्स के अलावा, विभिन्न खाद्य प्रोसेसरों विशेषकर एमएसएमई एवं गैर संगठित इत्यादि का क्षमता विकास आवश्यक है ताकि वे विदेशी बाजार एवं वैश्विक कृषि व्यापार मूल्य श्रृंखला में आने में सक्षम हो सकें।

(ग) पीपीपी-आईएडी के लिए अनुदान:- इस उप घटक के तहत आवेदक को भारत के उत्पाद का अग्रणी निर्यातक होना आवश्यक है। यह घटक इनपुटस अथवा हार्डवेयर के अलावा उत्पादकता वृद्धि से संबंधित किसान संबंधी सेवाओं के सभी प्रकारों और अन्य मध्यवर्तियों को कवर करेगा। आवेदक उत्पादन से विपणन और निर्यात तक सभी तथ्यों को कवर करते हुए एक एकीकृत मूल्य श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए परियोजना डिजाइन करने में पूर्णत: लचीले होंगे। प्रत्येक क्लस्टर के लिए कम से कम 5000 किसानों/ 5000 एकड के लक्ष्य के साथ परियोजना की अवधि 3-5 वर्षों की अवधि हो सकती है। प्रत्येक परियोजना में शामिल प्रमुख विशेषताएं की प्रमुख हस्तक्षेप निम्नानुसार है :

(क) किसानों को उत्पादक क्लस्टरों में जुटाना और उन्हें यथोचित वैध रूप से पंजीकृत करना अथवा क्षेत्र परियोजना (संयुक्त स्टॉक अथवा उत्पादक कम्पनियों, सहकारी समितियों, स्वयं सहायता संघों आदि) के लिए यथा उपयुक्त अनौपचारिक क्लस्टर का सृजन करना और

(ख) प्रौद्योगिकी सम्मिश्रण (इन्फ्यूजन)

(ग) मूल्य वृद्धि

(घ) विपणन समाधान

(ड.) परियोजना प्रबंधन

आवेदक को उन्नत/नवीन प्रौद्योगिकी लाने का प्रयास करने की आवश्यकता होगी जिससे उत्पादकता में वृद्धि हो सके और किसी विशिष्ट फसल अथवा बढिया फसल के क्लस्टर की मूल्य श्रृंखला तैयार कर सके और किसानों की निवल आय में वृद्धि कर सके। आवेदक को परियोजना (वस्तु) के अंतिम उत्पाद को अधिप्राप्ति करने की आवश्यक होगी अथवा वे अन्य अंतिम प्रयोक्ता संस्थाओं के साथ संकाय स्थापित कर सकते है जो अन्य ईण्ड उत्पाद को खरीदेंगे। आवेदक को नयी अवसंरचना का निर्माण करने, क्लस्टरों में उत्पादकता बढाने के लिए कृषि विस्तार से संबंधित गतिविधियों के साथ कृषि व्यय साथ को प्रोत्साहन देने के लिए निवेश करना होगा। आवेदक अपनी गतिविधियों को दर्शाएगा और परियोजना में अपने हिस्से के संबंध में वचनबद्ध होगा। उप-घटकों की विशिष्ट आवश्यकताएँ एवं शर्तें अनुबंध-4 में उल्लिखित हैं।

(घ) प्रयोगशालाएं : खाद्य पदार्थों सम्बंधी घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रयोगशाला अवसंरचना प्रदान करने के लिए सहायता दी जाएगी। प्रयोगशालाओं में सूक्ष्मजीव – विज्ञान, रसायनों इत्यादि के लिए स्क्रीनिंग / साक्ष्य जॉच की जा सकती है। प्रचालनों के लिए सहायता उपलब्ध नहीं होगी। प्रयोगशाला चलाने के लिए

आवेदक द्वारा उपभोज्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति और अर्हक तकनीकी संसाधनों सहायता प्राप्त प्रयोगशालाओं द्वारा उनके प्रचालन आरम्भ होने के 6 माह के भीतर संगत एजेंसियों से अपेक्षित प्रत्यायन/मान्यता प्राप्त करना आवश्यक होगा। इस प्रकार सृजित प्रयोगशालाएँ/खाद्य परीक्षण सुविधाएँ लोगों की पहुँच में होगी और उचित प्रशुल्क पर उनके उत्पादों के परीक्षण के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

(ड) **नवीन प्रौद्योगिकी /नई मशीनरी का आरम्भ :-** इस उप घटक के अंतर्गत क्लस्टरों में खाद्य प्रसंस्करण सुरक्षा एवं गुणवत्ता यथा लेजर भूमि लेवलर, प्रोपेल्ड स्प्रेयर, प्रीसिजन सीडर्स और प्लांटर्स, बीजारोपण के लिए ट्रांसप्लांटर, मल्टी थ्रैशर, कृषि प्रयोजनों के लिए ड्रोन इत्यादि के लिए किसी नए उपकरण अथवा प्रौद्योगिकी को अपनाने/खरीद के लिए सहायता उपलब्ध होगी। किसी प्रोद्योगिकी/मशीनरी की नवीनता का निर्धारण आवेदक द्वारा सत्यापित किया जाएगा। प्रस्ताव खेतों की कार्यकुशलता में महत्वपूर्ण सुधार और खेतों के कार्यबल में कठिन श्रम को कम करने के लिए होना चाहिए। ऐसी प्रोद्योगिकी / उपकरण/मशीनरी जो पहले से ही बहुतायत से प्रयोग में लाई जाती हो, को सहायता देने के प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिकार प्रदत्त समिति यह निर्णय लेगी कि कोई प्रोद्योगिकी / मशीनरी इस उप घटक के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र है अथवा नहीं ।

(च) **जी ए पी कार्यान्वयन :-** वैश्विक जी ए पी के साथ अच्छी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु जीएपी प्रमाणन आरम्भ किया गया है, ताकि किसान अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के साथ घरेलू बाजार में भी अपने उत्पाद के लिए बेहत्तर मूल्य प्राप्त करने में सक्षम हो सकें। आईएनडी जीएपी के अनुसार प्रमाणनके प्रस्ताव को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अंतर्गत शामिल की जाने प्रमाणन एजेंसियां एपीडा द्वारा अनुमोदित सूची के अनुसार होंगी।

5.4 उत्पाद – विकास के लिए सहायता

(क) नवीन उत्पाद विकास-इस उपघटक के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बाजार/रूचि/ प्राथमिकता पर आधारित नवीन/ सम्भावित उत्पाद श्रेणी का विकास करने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। प्रस्ताव में पूर्व में किए गए समान कार्यों को न दोहराया गया हो। विकसित किया गया उत्पाद में आवेदकों के लिए नया राजस्व प्रवाह का निर्माण करने की सम्भावना होनी चाहिए। आगामी तीन वर्षों के लिए उत्पाद के वास्तविक अनुमानित निर्यात उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता होगी। सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों के लिए भी सहायता उपलब्ध होगी, ऐसे मामलों में कार्य की रूपरेखा भी लोगों के लिए उपलब्ध होगी।

(ख) पैकेजिंग का विकास /शेल्फ लाइफ में बढोतरी:- निर्यात प्रयोजनों के लिए उपयुक्त नई पैकेजिंग/शैल्फ लाइफ में वृद्धि करने के उपायों का पता लगाने के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। प्रस्ताव में पूर्व में किए गए किसी समान कार्य को नहीं दोहराया जाना चाहिए। परियोजना में व्यर्थ सामग्री में कमी लाने/गुणवत्ता में सुधार करने उत्पाद की शेल्फ लाइफ को बढाने की सम्भाव्यता होनी चाहिए। परियोजना किसी जेनरिक उत्पाद लाइन के लिए अथवा अच्छी निर्यात सम्भावना वाले विशिष्ट उत्पाद के लिए होनी चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों को भी सहायता प्रदान की जाएगी, ऐसे मामले में लोगों को कार्य की विषयवस्तु उपलब्ध कराई जाएगी।

(ग) उत्पादन की दक्षता में सुधार/उत्पादन की लागत में कमी लाने पर अनुसंधान करना:- किसी उत्पाद की उत्पादन दक्षता में सुधार हेतु परियोजनाओं निर्यात के लिए किसी उत्पाद की उत्पादन की लागत में महत्वपूर्ण रूप से कमी लाने वाले हस्तक्षेपों को सहायता प्रदान की जाएगी। प्रस्ताव के साथ आधार रेखा संकेतक और अनुमानित परिणाम भी उपलब्ध कराए जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों को भी सहायता प्रदान की जाएगी, ऐसे मामले में लोगों को कार्य की विषयवस्तु उपलब्ध कराई जाएगी।

5.5 विपणन के लिए सहायता

(क) शेल्फ स्पेस के लिए सहायता:- उत्पादों की दृश्यता बढाने के लिए भारतीय ब्राण्डों / भारत के उत्पादों को शेल्फ स्पेस उपलब्ध कराने हेतु सहायता दी जाएगी। सहायता के प्रस्ताव के साथ शेल्फ स्पेस के लिए शुल्क लेने वाले फुटकर श्रृंखला / सुपर बाजार का बीजक दिया जाना चाहिए। जिस इकाई में शैल्फ स्पेस प्राप्त किया गया है, वह उस क्षेत्र/ देश का एक मजबूत व्यापारी होना चाहिए और उसकी कम से कम 100 दुकानें होनी चाहिए। शैल्फ स्पेस के लिए सहायता विपणन

चक्र की एक निश्चित अवधि अथवा एक बार में अधिकतम 6 माह के लिए प्रदान किया जाएगा। किसी संस्था के लिए जहाँ शैल्फ स्पेस माँगा गया हो का आधार-रेखा विक्रय और अनुमानित लाभों का उल्लेख प्रस्ताव के साथ किया जाए। अधिकार प्रदत्त समिति नए प्रस्तावों को और पुन: सहायता माँगने के प्रस्तावों को शामिल करने पर निर्णय लेगी।

(ख) **उत्पाद पंजीकरण.—**इस उपघटक के अंतर्गत सहायता के लिए प्रस्ताव में प्रार्थित पंजीकरण के प्रकार एवं ऐसे पंजीकरण के औचित्य सहित किस देश में पंजीकरण कराया जाना के सम्बंध में उत्पाद का विवरण दिया जाना चाहिए। ट्रेड मार्क / आई पी आर / जी आई/ पेटेंट इत्यादि के पंजीकरण के लिए सहायता उपलब्ध होगी।

(ग) **विपणन प्रचार.—**इस उपघटक के अंतर्गत सहायता प्राथमिक रूप से निर्यातकों, स्वायत्त निकायों और आईबीईएफ के संयुक्त प्रयासों सहित प्रमुख लक्षित बाजारों में डिजिटल और परम्परागत मीडिया मंचों का प्रयोग करके स्थायी सम्प्रेषण प्रचार करने के लिए है। निर्यातकों को जैविक, मूल्यवर्धित, सजातीय, जी आई, क्षेत्र विशिष्ट ब्रांडिड उत्पादों के लिए सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। यह सहायता संघों और निर्यात संवर्धन एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले उत्पाद / क्षेत्र विशिष्ट प्रचारों के लिए जेनरिक विपणन प्रचार के लिए भी दी जा सकती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रण/ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इत्यादि में सामग्री/ नमूनों/ उत्पाद साहित्य/ विज्ञापन, सोशल मीडिया संवर्धन इत्यादि पर आपूर्ति के लिए भी इस उपघटक के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने के पात्र होंगे।

(घ) **नियत देशों में रोड शो/ बीएसएम:-** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय उत्पादों की दृश्यता बढ़ाने और प्रोत्साहन देने हेतु सहायता दी जाएगी। किसी कार्यक्रम के आयोजन की लागत और प्रचार की लागत सहित स्थान की लागत, अनुवाद और दुभाषिया शुल्क, प्रदर्शनी के लिए माल भाडा शुल्क और अधिकार प्रदत्त समिति द्वारा अनुमोदित अन्य घटक सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

(ड.) **नियत देशों में उत्पाद प्रतिदर्श के लिए सहायता:-** अंतिम रिटेल स्थान पर सम्भावित उपभोक्ता को उत्पाद का नमूना प्रदान करना एक प्रमाणित विपणन युक्ति है। जेनरिक उत्पादों के लिए भारतीय ब्रांडेड उत्पादों के निर्यातकों अथवा संस्थाओं/निर्यात संवर्धन एजेंसियों को सहायता प्रदान की जाएगी। आयोजन व्यय, प्रतिदर्श के लिए प्रयुक्त मानव संसाधन, प्रदर्शनी के लिए माल भाडा शुल्क यह सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

(च) ई-कॉमर्स मंच का विकास-एईपी उत्पादकों/संसाधकों, निर्यातकों/निर्यात बाजार एफपीओ इत्यादि के मध्य प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करना सक्षम बनाने हेतु ई-कॉमर्स मंच का विकास परिकल्पित करता है। इस मंच के विकास एवं प्रचालन तथा इसके प्रचालात्मक व्ययों के लिए और ई-कॉमर्स मंच के प्रचालन हेतु किसानों के लिए क्षमता निर्माण/कार्यशालाएं, कार्य स्थल अधिकारियों, राज्य अधिकारियों, निर्यातकों इत्यादि को यह सहायता प्रदान की जाएगी।

5.6 अनुसंधान एवं विकास हेतु सहायता

(क) रॉयल्टी, फील्ड ट्रायल, बहुलीकरण केन्द्र, चिन्हित उत्पादों के लिए क्षमता निर्माण, बीमारी/ कीट रहित क्षेत्रों का निर्माण/ पहचान करना-अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखने के लिए और अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता की आवश्यकताओं/रूचियों को पूरा करने के लिए ऐसे बाजारों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखने की आवश्यकता है। इस उपघटक के अंतर्गत ऐसी पहलों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र/ निर्यातकों को सहायता दी जाएगी। किस्मों के चयन आयात के नियमन और शर्तों रॉयल्टी के नियमन और शर्तों के लिए पूरी तरह से आवेदक का उत्तरदायित्व होगा। भारत में ऐसी रोपण सामग्री के आयात के लिए यथास्थिति आवेदक सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करेगा। आवेदक के लिए जर्मप्लास्म / बीजों की किस्में सुदृढ निर्यात पर केन्द्रित होनी चाहिए और इनमें आवेदक के लिए नए राजस्व प्रवाह के सृजन की सम्भावना होनी चाहिए। आगामी तीन वर्षों में उत्पाद के वास्तविक अनुमानित निर्यात का विवरण दिया जाना चाहिए। आवेदक द्वारा जर्मप्लास्म / किस्मों के आयात की आवश्यकता पर आई सी ए आर के मूल्यांकन प्राप्त करना आवश्यक होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों को भी सहायता प्रदान की जाएगी, ऐसे मामले में लोगों को कार्य की विषयवस्तु उपलब्ध कराई जाएगी।

(ख) गुवाहाटी में मसाले/चाय/खाद्य पदार्थों के लिए प्रयोगशाला- उत्तर पूर्वी क्षेत्र में मसालों /चाय/ खाद्य उत्पादों के परीक्षणके लिए गुवाहाटी में एक प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी।

6. परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करना:

i. स्कीम के अंतर्गत सहायता के लिए आवेदक द्वारा एक प्रस्ताव निर्धारित आवेदन प्रारूप (अनुबंध 5) में आवश्यक सूचनाओं/दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

ii. परियोजना के तकनीकी, वाणिज्यिक, वित्तीय और प्रबंधन पहलुओं सहित अनुबंध 6 में उल्लिखित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) आवेदन के साथ उपलब्ध कराई जानी चाहिए ।

iii. परियोजना का प्रस्ताव एक विस्तृत सर्वेक्षण करने और उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर सावधानीपूर्वक तैयार किया जाना चाहिए और स्पष्ट रूप से वांछित उद्देश्य को दर्शाया जाना चाहिए।

iv परियोजना के प्रस्ताव में मापने योग्य परिणाम दर्शाए जाने चाहिए, यह परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए मुख्य मानदंडों में से एक होगा। परियोजना प्रस्ताव में परिकल्पित परिणामों और संकेतक जो परियोजना के प्रभाव को मापने के लिए उपयोग किए जाएंगे जैसे किसानों की आय में अपेक्षित वृद्धि के मापने योग्य परिणामों की व्याख्या की जानी चाहिए।

v. पूंजीगत व्यय के लिए सहायता हेतु आवेदन के साथ सिद्धांत या अंतिम अवधि ऋण की मंजूरी और भारतीय रिज़र्व बैंक (आर बी आई) के साथ पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) सहित बैंक/वित्तीय संस्थान से एक विस्तृत मूल्यांकन टिप्पणी होनी चाहिए । बैंक/एफआई से अंतिम अवधि के ऋण अनुमोदन पत्र को इसके जारी करने की तिथि से दो महीने के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

vi आवेदक को कम्पनी सोसाइटी के उपनियमों,सहकारी, स्वयं सहायता समूह/पंजीकृत भागीदारी विलेख इत्यादि /परियोजना/संस्था/इकाई संवर्धकों के अनुभव/बायो-डेटा / पृष्ठभूमि के संबंध में आवेदक फर्म के निगमीकरण ज्ञापनों और संस्था के अंतर्नियमों निगमन/पंजीकरण का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

vii आवेदक द्वारा परियोजना/इकाई के निवल मूल्य के साक्ष्य के रूप में दस्तावेज और परियोजना/इकाई व संवर्धक / प्रस्तावित शेयरधारक; पिछले तीन वर्षों के लिए फर्म/कंपनी / सहकारी/भागीदारी/स्वयं सहायता समूह, आदि के खातों की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है ।

viii आवेदक के नाम पर कम से कम 10 वर्षो के लिए भूमि के शीर्षक अथवा भूमि के पट्टे के साक्ष्य के रूप में विधिवत रूप से सक्षम प्राधिकारी से पंजीकृत दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना चाहिए, स्कीम के अंतर्गत सहायता के लिए परियोजना के लिए चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) के साथ उपयुक्त भूमि के स्वामित्व और कब्जे वाले प्रस्तावों पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

ix परियोजना प्रस्ताव में किसान की आय बढ़ाने, उत्पाद के निर्यात में वृद्धि, उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि आदि के तरीके प्रस्तुत करने होंगे।

7. जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया

i. क्लस्टर विकास के तहत सहायता के लिए आवेदन क्लस्टर के सीईओ और राज्य नोडल एजेंसी दोनों को प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

ii. क्लस्टर विकास के तहत सहायता के लिए आवेदन का मूल्यांकन क्लस्टर के सीईओ और राज्य नोडल एजेंसी दोनों के द्वारा अलग अलग किया जाएगा और इसे निर्यात संवर्धन एजेंसी को अग्रेषित किया जाएगा ।

iii. अधिदेश प्राप्त उत्पादों के आवेदनों को निर्यात संवर्धन एजेंसी (प्राधिकरण/बोर्ड/ईपीसी) द्वारा मूल्यांकन एवं संस्तुति की जाएगी ।

iv. क्लस्टर के सीईओ, राज्य नोडल एजेंसी और निर्यात संवर्धन एजेंसी (प्राधिकरण / बोर्ड /ईपीसी) को अपनी और से आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए 45 दिनों की समयावधि प्रदान की जाएगी। यदि निर्दिष्ट समय अवधि के भीतर

किसी भी इकाई से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं होती, तो यह मान लिया जाएगा कि सहायता के लिए आवेदन पर कोई आपत्ति नहीं है और आवेदन तदनुसार अग्रेषित कर दिए जाएंगे ।

v. परियोजना का मूल्यांकन करते समय, विशिष्ट निर्यात बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से अपेक्षित लाभ सहित औचित्य का मूल्यांकन सभी संबंधित संस्थाओं द्वारा किया जाएगा।

vi यह प्रस्ताव विस्तृत टिप्पणियों और सिफारिशों के साथ परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) को भेजा जाएगा।

vii. प्रस्ताव के मूल्यांकन के बाद परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) द्वारा 30 दिनों के भीतर तकनीकी और वित्तीय रूप से मूल्यांकन किया जाता है और अधिकार प्रदत्त समिति को विचारार्थ भेज दिया जाता है।

viii. इस स्कीम के लिए विशेष रूप से गठित एक अधिकार प्रदत्त समिति द्वारा सहायता के लिए आवेदकों के प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। परियोजना /स्कीम के अनुमोदन के लिए पीएमयू रिपोर्ट डीएसी एवं परिवार कल्याण, डीएएचडी, डी ओ एफ, डीएआरई/ आईसीएआर, डी ओ सी ए,डी एफ पी डी, एम ओ एफ पी आई, एफएसएसएआई डीजीएफटी, सीमा शुल्क के सचिवों की भागीदारी और संबंधित राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ वाणिज्य सचिव अध्यक्षता वाली अधिकार प्रदत्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। प्रस्ताव पर निर्णय लेने वाले अंतिम प्राधिकारी अधिकार प्रदत्त समिति होगी।

ix. अधिकार प्रदत्त समिति योजना के कुछ घटकों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को उप-समिति को सौंप सकती है।

x. प्रस्ताव को प्रत्येक क्लस्टर / उत्पाद / बाजार की अनूठी जरूरतों के अनुसार सहायता के लिए आगे भेजा जा सकता है ।

xi. विभाग में एईपी के कार्यान्वयन के लिए निगरानी इकाई द्वारा सिद्धांत रूप में अनुमोदन (आईपीए) आवेदन प्राप्ति की तिथि से छह महीने के भीतर जारी किया जाएगा। आईपीए जारी करने के बाद, आवेदक के अनुरोध पर, परन्तु आईपीए की वैधता के भीतर इसमें संशोधन पर विचार किया जा सकता है।

xii. जारी किया गया आईपीए आमतौर पर बुनियादी ढांचे / विपणन / उत्पाद विकास के संबंध में 12 महीने के लिए और क्षमता निर्माण के संबंध में छह महीने के लिए या आईपीए में उल्लिखित अनुसार मान्य होगा। आईपीए में वृद्धि करने के अनुरोध को मूल आईपीए की समाप्ति से पहले योग्यता के आधार पर केवल विशेष परिस्थितियों में स्वीकार किया जाएगा ।

xiii. वाणिज्य विभाग के पास किसी बाहरी एजेंसी से परियोजनाओं का मूल्यांकन करवाने का अधिकार सुरक्षित है। यदि परियोजना व्यवहार्य नहीं पाई जाती है, तो आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

xiv. आईपीए का अनुदान केवल पात्र वस्तुओं और गतिविधियों पर आधारित होगा और अनुचित वस्तुओं या गतिविधि पर किए गए व्यय पर विचार नहीं किया जाएगा।

(xv) दावे की स्वीकार्यता से संबंधित अधिकार प्रदत्त समिति का निर्णय अंतिम होगा और केवल सहायता के लिए मात्र आवेदन करने से वित्तीय सहायता के दावे का अधिकार नहीं मिलता है।

(xvi) जहाँ तक इन दिशानिर्देशों के प्रावधानों में किसी का संबंध है अधिकार प्रदत्त समिति का निर्णय अंतिम होगा।

(xvii) क्लस्टर विकास के तहत आवेदन की संवीक्षा एवं अनुमोदन की आधारभूत प्रक्रिया अनुबंध 2 क पर दी गई है।

(xviii) उत्पाद-वार निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसी)/ वस्तु बोर्ड/ निर्यात विकास प्राधिकरण परिशिष्ट ग में डीजीएफटी वेबसाईट पर उपलब्ध है।

8. निगरानी

(i) प्रयासों/स्कीमों का सम्मिलन, इस स्कीम के तहत सहायता के लिए प्रस्तावों का अनुमोदन और एईपी के उद्देश्य प्राप्त करने के लिए उपाय सुझाने के लिए त्रैमासिक आधार पर अधिकार प्रदत्त समिति बैठक करेगी।

(ii) पीएमयू स्कीम के तहत परियोजनाओं की प्रगति की आवधिक समीक्षा करेगी। पीएमयू एक उपयुक्त परियोजना निगरानी प्रणाली तैयार करेगी और विभाग में एईपी के कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित परियोजनाओं की प्रगति पर मासिक रिपोर्ट/रिटर्न निगरानी इकाई को प्रस्तुत करेगी।

(iii) स्कीम के तहत दी गई वित्तीय सहायता भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा के अधीन है।

(iv) स्कीम शुरू होने के 3 वर्षों की अवधि के बाद वाणिज्य विभाग द्वारा नियुक्त स्वतंत्र एजेंसी द्वारा इसकी क्षमता का मूल्यांकन भी किया जाएगा।

(v) भारत सरकार स्कीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का फिजीकल सत्यापन और अन्य कोई जांच जो आवश्यक समझी जाए करेगी।

9. समय अनुसूची

(i) परियोजना के पूरा होने एवं प्रचालन के लिए समय-अनुसूची प्रस्ताव की प्रकृति के आधार पर अधिकार प्रदत्त समिति द्वारा दिए गए सैद्धांतिक अनुमोदन में विनिर्दिष्ट होगी।

(ii) आवेदक परियोजना के लिए अनुमोदन मांगते समय दी गई निर्धारित समय सीमा के अनुसार परियोजना को पूरा करने के लिए सभी संभव प्रयास करेगा। निर्धारित समयसीमा का अनुपालन न करने के मामले में केवल अपरिहार्य कारणों अथवा अवेदक के नियंत्रण से बाहर के कारणों को छोडकर अधिकार प्रदत्त समिति मामला दर मामला आधार पर अनुदान राशि को कम करने के संदर्भ में उपयुक्त दंड अधिरोपित करने पर विचार करेगी।

(iii) समय सीमा के गैर अनुपालन के मामले में निर्धारित समय सीमा के बाद प्रत्येक महीने के विलंब पर उस किश्त की राशि के लिए बकाया किश्त राशि की मात्राका 1% दण्ड अधिरोपित की जाएगी तथापि दण्ड की अधिकतम राशि आवेदक को जारी की जाने वाली किश्त के 10% से अधिक नहीं होगी।

(iv) आवेदक के परियोजना के कार्यान्वयन से पीछे हटने और किसी कारण से आवेदक द्वारा परियोजना पूरी न करने की स्थिति में आवेदक द्वारा विभाग की ऐसी अनुदान के रिफंड के लिए आदेश जारी होने के 30 दिनों के भीतर प्राप्त ब्याज (जीएफआर के अनुसार) जारी सहायता अनुदान के साथ वापस करेगा।

10. सामान्य शर्तें एवं अपेक्षाएं

(i) आवेदन के साथ विधिवत रूप से प्रमाणित निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए।

क. नए उपकरणों की खरीद के लिए, कोटेशन/प्रोफार्मा चालान/बिल को न्यूनतम तीन मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) या उनके अधिकृत वितरक/उपकरण के डीलर से प्राप्त किए जाने चाहिए।

ख. सामान्य तौर पर, कोटेशन न्यूनतम 3 आपूर्तिकर्ताओं से मांगे जाएंगे। आवेदक तीन बोलीकर्ताओं में से किसी को भी पर कार्य आर्डर देने के लिए स्वतंत्र है, तथापि, सहायता की गणना न्यूनतम उद्धृत दर पर की जाएगी।

ग. व्यवहार्यता अध्ययन के मामले में संबंधित क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव रखने वाली प्रतिष्ठित परामर्श फर्मों से उद्धरण मांगा जाना चाहिए।

घ. बिल की मात्रा, दर/यूनिट और चार्टर्ड इंजीनियर या सिविल आर्किटेक्ट द्वारा प्रमाणित कुल राशि को दर्शाते हुए सिविल कार्य के लिए लागत का अनुमान प्रस्तुत किया जाएगा। भारत सरकार और संबंधित राज्य सरकार के लोक कार्य विभाग द्वारा अधिसूचित लागत और दर उसके मानक अनुसूची (केवल मूल वस्तुओं के लिए) तक होनी चाहिए।

ii. कोटेशन में पता, जीएसटीएन, टिन और पैन, विस्तृत विवरण के साथ उत्पाद विवरण, वैधता तिथि और मद/इकाई वार लागत और कुल राशि स्पष्ट रूप से दर्शानी चाहिए। उपयोगिता के स्पष्ट बुनियादी ढांचे/प्रयोगशाला उपकरणों/किसी भी अन्य परिसंपत्तियों आदि उल्लेख के साथ उपकरण विवरण का चित्रण करते हुए तकनीकी विवरणिका/साहित्य/पैम्फलेट।

iii. जहां भी सिविल कार्य शामिल है, सहायता केवल परियोजना के लिए आवश्यक तकनीकी सिविल कार्य तक ही सीमित रहेगी (गैर-तकनीकी सिविल कार्य की सूची अनुबंध 7 में दी गई है)।

iv. परियोजना के सिविल कार्य घटक के लिए वित्तीय सहायता उस आवेदन के लिए कुल पात्र वित्तीय सहायता की अधिकतम 25% तक सीमित होगी।

v. अगले तीन वर्षों के लिए केवल वास्तविक अनुमानित निर्यात की मात्रा (एमटी) और मूल्य (लाख रुपये) में वर्षवार उल्लेख किया जाना चाहिए, जिसकी भविष्य में सहायता पर विचार करने के लिए पीएमयू के माध्यम से सत्यापित और समीक्षा की जा सकती है।

vi. यदि आवेदक ने पूर्व में किसी भी एजेंसी से सहायता प्राप्त की है तो और सहायता प्राप्त करने के बाद 2 वर्षों तक लगातार निर्यात नहीं किए जाने जैसे वांछित परिणामों को पूरा नहीं किया है तो सहायता के लिए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा

vii. आवेदक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने उस मद / कार्य / इकाई / कार्यक्रम / परियोजना, जिसके लिए सहायता मांगी गई है, के लिए पूर्व में किसी अन्य एजेंसी से कोई सहायता नहीं ली है।

viii. योजना के तहत आने वाले आवेदनों पर निर्यात निष्पादन / केवल अपेक्षित परिणामों को प्राप्त करने के आधार पर विचार किया जाएगा।

ix. आवेदक के स्वामित्व / प्रबंधन में किसी भी परिवर्तन को पीएमयू को सूचित किया जाना है।

x. पांच वर्षों तक प्रति वर्ष कम से कम 10% निर्यात वृद्धि लाभार्थी द्वारा सहायता प्राप्त करने के बाद सुनिश्चित की जाएगी। वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बाद अगले पांच वर्षों के लिए मासिक निर्यात रिटर्न अनिवार्य शर्त के रूप में पीएमयू को प्रस्तुत किया जाना चाहिए, चाहे निर्यात शून्य हो।

xi. हितधारकों और बैंक वित्तपोषण के महत्वपूर्ण योगदान वाले बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

xii. आवेदक का संयुक्त निवल मूल्य मांगी गई राशि के दो गुना से कम नहीं होना चाहिए।

xiii. आवेदक को कुल परियोजना लागत का कम से कम 20% इक्विटी / योगदान और बैंक/वित्तीय संस्थान से परियोजना लागत की 20% से कम राशि के लिए सावधि ऋण के रूप में लाने की आवश्यकता है।

xiv. मौजूदा हितधारकों जो पहले से ही कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं/कृषि उत्पादों के निर्यात से जुड़े हैं, जिनके लिए वित्तीय सहायता मांगी जाती है को प्राथमिकता दी जाएगी।

xv. आवेदक को राज्य सरकार/स्थानीय निकायों/एफएसएसएआई और किसी भी अन्य नियामक प्राधिकरणों में पंजीकरण /लाइसेंस संबंधी सभी आवश्यकताओं का पालन करना होगा। आवेदक को इन सभी विवरणों का उल्लेख करते हुए आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

xvi. सहायता का स्तर प्रत्येक प्रस्ताव के लिए उप-घटक हेतु अधिकतम सहायता तक सीमित होगा।

xvii. योजना के तहत आवेदक के योगदान की सीमा की गणना के उद्देश्य से भूमि की लागत को परियोजना लागत में शामिल नहीं किया जाएगा।

xviii. योजना के किसी भी प्रावधान का लाभ उठाने वाला कोई भी संगठन / निर्यातक / व्यापारी / कंपनी को भारत की विदेश व्यापार नीति या निर्यात और आयात कारोबार से संबंधित किसी अन्य कानून के तहत सूचीबद्ध / आरोपित / अभियोजित / विचाराधीन / ब्लैक लिस्ट नहीं होना चाहिए।

11. निधियां जारी करने संबंधी दिशा-निर्देश:

i. पीएमयू द्वारा जारी किए गए आईपीए पत्र और उसके बाद के भौतिक सत्यापन के नियमों और शर्तों के अनुसार आवेदक द्वारा दावा पूरा होने और जमा करने पर, पात्र सहायता की प्रतिपूर्ति समाप्त हो जाएगी। राज्य सरकारों को समिति की स्वीकृति के साथ अग्रिम सहायता प्रदान की जा सकती है।

ii. यह आवेदक की जिम्मेदारी है कि वह आईपीए पत्र की मूल या विस्तारित वैधता, यदि कोई हो, समाप्ति से पहले सभी तरह से अंतिम दावा दस्तावेज प्रस्तुत करे।

iii. सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद आवेदक को स्वीकृत परियोजनाओं के लिए निधियाँ जारी की जाएगी।

iv. स्टैगर्ड सहायता: यदि सहायता का संतरण किया जाना है, तो उसी के लिए औचित्य प्रदान किया जाना चाहिए। प्रत्येक संवितरण आवेदक को पिछली किश्त के वित्तीय समापन और पीएमयू के अवलोकन के अधीन किया जाएगा। पहली किस्त को अधिकार प्रदत्त समिति द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन के अनुसार जारी किया जाएगा। आगे की किश्तें पीएमयू की टिप्पणियों जारी की जाएंगी और फिर उच्चाधिकार प्रदत्त समिति की मंजूरी के बाद जारी की जाएगी। इस योजना के अनुसार शामिल पीएमयू द्वारा वास्तविक और वित्तीय प्रगति का प्रमाणन, आगे की किश्त जारी करने के लिए, एक पूर्व आवश्यकता होगी।

v. आवेदक निर्धारित प्रारूप में निधियों के उपयोग के संबंध में निष्पादित होने के लिए एक बांड प्रस्तुत करेगा।

vi. आवेदक वितरित की जाने वाली निधियों के लिए एक पूर्व-रसीद बिल, साथ ही एक प्रमाण पत्र (निर्धारित प्रारूप में) कि यह भ्रष्ट आचरण में लिप्त नहीं है, प्रस्तुत करेगा।

vii. सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों के मामले में आगे की किश्त जारी करना पूर्ण उपयोग प्रमाणपत्र, पीएमयू की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के अधीन होगा।

viii. किसी भी विसंगति / स्पष्टीकरण के मामले में, आवेदक से आवश्यक दस्तावेज मांगे जाएंगे।

ix. सभी प्रकार से पूर्ण अंतिम दावा दस्तावेजों को मंजूरी के लिए आगे बढ़ाया जाएगा।

x. लाभार्थी को सहायता राशि आवेदन में प्रस्तुत विवरण के अनुसार सीधे उनके खाते में एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से ऑनलाइन जारी की जाएगी ।

xi. वे आवेदक जो मौजूदा निर्यातक नहीं हैं या जिनका आवेदन बैंक से जुड़ा नहीं है, उन्हें सहायता का संवितरण के समय पात्र वित्तीय सहायता की 25% की दर से बैंक गारंटी जमा करना होगा। योजना के नियमों और शर्तों में परिकल्पित, के अनुसार निर्यात करने के बाद बैंक गारंटी जारी की जाएगी।

xii. योजना के लिए वास्तविक बजटीय आवंटन अलग-अलग हो सकता है। सहायता का संवितरण वास्तविक बजट आवंटन के अधीन है।

xiii. धन की उपलब्धता के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

xiv. योजना की निरंतरता के अधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। स्कीम की समयावधि के बाद वित्तीय सहायता के लिए आवेदन को आगे ले जाने में आवेदक द्वारा कोई दावा नहीं किया जाएगा।

xv. सरकार वित्तीय सहायता के लिए किसी भी आवेदन के प्रति किसी भी प्रकार का प्रतिबद्ध दायित्व नहीं निभाएगी।

12. परिसंपत्तियाँ

i. आवेदक द्वारा बनाई गई परिसंपत्तियाँ परियोजना के पूरा होने के बाद आवेदक के स्वामित्व में होगी।

ii. सरकारी सहायता से आवेदक द्वारा अधिग्रहित / अर्जित की गई परिसंपत्तियाँ को उन प्रयोजनों जिसके लिए निधियों को जारी किया गया है के अलावा अन्य प्रयोजनों के निपटाने, अधूरा कार्य पूरा करने या किसी अन्य कार्य में उपयोग नहीं किया जाएगा ।

iii. भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली निधियों में से आंशिक या अर्ध-स्थायी संपत्ति को फार्म जीएफआर19 में दर्ज किया जाना चाहिए।

iv. किसी भी समय परियोजना को रद्द करने के मामले में, सभी परिसंपत्तियां और कोई भी अप्रयुक्त अनुदान भारत सरकार के साथ निहित होगा।

13. केंद्रीय अनुदान को वापस करना

परियोजना की परिकल्पित गुणवत्ता के साथ समझौता या आंशिक/अपूर्ण कार्यान्वयन के साथ समझौता सहित अनुदान के असंतोषजनक उपयोग के मामले में अधिकार प्रदत्त समिति लागू दंड ब्याज के साथ केंद्रीय अनुदान को कम करने / वापस लेने का अधिकार बनाए रखती है।

14. विवाद निवारण तंत्र (डीआरएम)

योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की समीक्षा करने और विवादों को हल करने के लिए निम्नलिखित संरचना के साथ वाणिज्य विभाग में एक स्थायी तंत्र सक्रिय किया जाएगा:

क. संयुक्त सचिव (ईपी-एग्री), वाणिज्य विभाग	- अध्यक्ष
ख. निदेशक (ईपी-एग्री), वाणिज्य विभाग	- सदस्य सचिव
ग. निदेशक (ईपी-एमपी) / निदेशक (वृक्षारोपण) (केवल समुद्री उत्पादों और वृक्षारोपण उत्पाद क्लस्टर के लिए क्रमशः)	- सदस्य
घ. निदेशक, डीएसी और एफडब्ल्यू	- सदस्य
ड. निदेशक, डीएएचडी / निदेशक, डीओएफ (क्लस्टर के आधार पर)	- सदस्य
च. निदेशक, एमओएफपीआई	- सदस्य
छ. राज्य नोडल एजेंसी के प्रतिनिधि जहां परियोजना कार्यान्वित की जाती है	– सदस्य

यह डीआरएम परियोजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद का समाधान करने का मंच होगा। यदि यह समिति विवाद को समाधान करने में असमर्थ है, तो इसे अधिकार प्रदत्त समिति को भेजा जाएगा। किसी भी मामले में अधिकार प्रदत्त समिति का निर्णय अंतिम होगा।

अस्वीकरण: योजना के दिशानिर्देश भारत सरकार के नीति निर्देशों के अनुसार समय-समय पर संशोधन के अधीन हैं।

अनुबंध- 1

क्लस्टरों की सूची

उत्पाद	क्षेत्र	राज्य	जिला
केला	दक्षिण	केरल	त्रिशूर , वायनाड , तिरुवनंतपुरम
		आंध्र प्रदेश	कडप्पा , अनंतपुर
		तमिलनाडु	त्रिची , थेनी , पोलाची
	पश्चिम	महाराष्ट्र	जलगाँव , कोल्हापुर, सोलापुर
		गुजरात	भरूच, नर्मदा, सूरत
अनार	दक्षिण	आंध्र प्रदेश	अनंतपुर , कुरनूल
		कर्नाटक	बेलगाम, मैसूर
	पश्चिम	महाराष्ट्र	सोलापुर, अहमदनगर, पुणे
	केंद्रीय	मध्य प्रदेश	खरगोन , खंडवा , बुरहानपुर
आम	पश्चिम	महाराष्ट्र	रत्नागिरी , सिंधुदुर्ग
		गुजरात	जूनागढ़ , वलसाड , कच्छ, नवसारी
	उत्तर	उत्तर प्रदेश	सहारनपुर, मेरठ, लखनऊ
	दक्षिण	तेलंगाना	रंगारेड्डी , महबूबनगर , वारंगल
		आंध्र प्रदेश	कृष्णा, चित्तूर, कुरनूल
अंगूर	पश्चिम	महाराष्ट्र	पुणे , नासिक, सांगली
रोज अनियन	दक्षिण	कर्नाटक	बैंगलोर ग्रामीण, चिक्काबल्लपुरा
प्याज	पश्चिम	महाराष्ट्र	नासिक
	केंद्रीय	मध्य प्रदेश	इंदौर, सागर , दमोह
आलू	उत्तर	उत्तर प्रदेश	आगरा, फरुखाबाद
		पंजाब	जालंधर , होशियारपुर , कपूरथला , नवाशेहर
	पश्चिम	गुजरात	बनासकांठा , साबरकांठा
	केंद्रीय	मध्य प्रदेश	इंदौर, ग्वालियर
चाय	पूर्व	असम	तिनसुकिया , सिबसागर , डिब्रूगढ़
कॉफ़ी	दक्षिण	कर्नाटक	चिक्कमगलुरु , कोडागु , हासन
समुद्री उत्पाद	दक्षिण	आंध्र प्रदेश	पूर्वी गोदावरी, विशाखापत्तनम , पश्चिम गोदावरी, नेल्लोर
	पूर्व	ओडिशा	जगतसिंहपुर , भद्रक , बालासोर
	पश्चिम	गुजरात	कच्छ, वेरावल , नवसारी , वलसाड
मिर्च	दक्षिण	तेलंगाना	खम्मम, वारंगल

		आंध्र प्रदेश	गुंटूर
हल्दी	दक्षिण	तेलंगाना	निजामाबाद, करीमनगर
		केरल	वायनाड , एलेप्पी
	पूर्व	मेघालय	वेस्ट जैंतिया हिल्स
	पूर्व	ओडिशा	कंधमाल
